आईआईटी के विद्यार्थियों ने किया पौधरोपण

वाराणसी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (काशी हिन्दू विश्वविद्यालय) में मंगलवार को जिमखाना सहित अन्य खेल के मैदानों में नव प्रवेशी विद्यार्थियों द्वारा

फलदार वृक्षों का पौधरोपण किया गया। अधिष्ठाता प्रो. बीएन राय के नेतृत्व में 20 स्वणरिखा आम, पांच आंध्र जामुन, पांच कांटा रहित बेल, 10 चीकू, 10 नरेंद्र आंवला, 10 लीची के अलावा 10 रिका पॉम और 10 फॉक्सटेल पॉम के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर प्रो. राय ने बताया कि महामना हमेशा फलदार वृक्षों को लगाने की प्रमुखता देते थे ताकि विद्यार्थियों को फल यहीं कैंपस में ही सुलभ रहे। नवप्रवेशी विद्यार्थियों ने अपने लगाए पौधों को गोद लिया और संकल्प लिया कि अगले चार वर्षो तक वें इन पौधों का देखभाल करेंगे।

राष्ट्रीय सहारा–08.08.2018